हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 सोलर से 90 प्रतिशत तक घटेगा बिजली बिल, 78...



08 चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग जिला कांग्रेस...



खबर संक्षेप

जमानी में होगा हरिशंकर परसाई स्मृति समारोह

इटारसी। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम जमानी में हरिशंकर परसाई स्मृति समारोह 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रहरी ग्राम पंचायत परिसर में होगा। आयोजन में साहित्य, व्यंग्य, चित्रकला और नाटक से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत जमानी, हरिशंकर परसाई स्मृति समिति एवं रविशंकर दुबे विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने साहित्यप्रेमियों एवं पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 7 को

नर्मदापुरम। अक्टूबर माह और आगामी माह में आने वाले पर्वो / त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक 07 अक्टूबर बुधवार को शाम 04:00 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी।

प्रकाश गुप्ता ने जिले का नाम किया रोशन

नर्मदापुरम। ओजस्वी एवं



प्रभावशाली आवाज के धनी प्रकाश गुप्ता को सम्मानित किया गया। उन्होंने जिले का नाम गौरवान्वित किया । प्रकाश गुप्ता का कहना है कि उनकी आवाज को आधुनिक तकनीक के माध्यम से एक नए स्वरूप में प्रस्तुत कर भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने के प्रयासों के लिए टेलीविजन के सुप्रसिद्ध कलाकार करण मेहरा द्वारा सम्मानित किए जाने का गौरव प्राप्त हुआ।

समग्र स्वच्छता की सफल कहानी गढ़ रही सेमरी ग्राम पंचायत

ग्रामीणों को मिल रहे निजी शौचालय, जगह-जगह स्वच्छता के लिखे जा रहे कोटेशन, नागरिकों का मिल रहा भरपूर सहयोग, स्वच्छ हो रही ग्राम पंचायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद समग्र स्वच्छता में सफलता की नई कहानी बढ़ रही है। ग्राम में 400 से अधिक हितग्राहियों को निजी शौचालय सुविधा प्राप्त है।

ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद के ग्राम रोजगार सहायक निर्मल सिंह ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत की जनसंख्या 10894 है। 2200 से अधिक परिवार ग्राम पंचायत में निवासरत हैं। इसमें से 492 हितग्राही समग्र स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पात्र पाए गए। जिन्हें निजी शौचालय की सुविधा मिली हुई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत में जगह-जगह स्वच्छता संबंधी नारे लिखकर जागरूकता प्रसारित की जा रही है। सरपंच चेन मीना, सचिव नागेंद्र सराठे, जनपद पंचायत सीईओ श्रीराम सोनी, स्वच्छ भारत अभियान ब्लैक कोऑर्डिनेटर, समस्त पांच एवं ग्रामीण समन्वय के साथ मिलकर ग्राम में समग्र स्वच्छता बनाने रखने के लिए प्रयासरत हैं।

10 नाडेप, दो सामुदायिक परिसर



सोहागपुर जपं कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में 10 नाडेप बनाए गए हैं। सेमरी हरचंद ग्राम पंचायत जीआरएस निर्मल सिंह के अनुसार नाडेप्स के माध्यम से नियमित कचरे का निपटारण किया जाता है। वहीं ग्राम पंचायत में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की संख्या दो है। जिनका प्रयोग जनता द्वारा सार्वजनिक रूप से किया जाता है। इस तरह से ग्राम में स्वच्छता समग्र स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के प्रयास समग्र रूप से जारी हैं।

जिलवानी डंपिंग यार्ड में कचरा निष्पादन के नाम पर बवाल

एनजीटी ने थमाया कलेक्टर और नपा इटारसी को नोटिस, मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी सेंट्रल बेंच,भोपाल ने आक्रामक रुख अपनाया है। आरटीआई एक्टिविस्ट अमोल उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर इटारसी में मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को दांव पर लगा दिया है। जिलवानी स्थित ठोस अपशिष्ट डंपिंग यार्ड में 1.72 करोड़ रुपये के कचरा निष्पादन के नाम पर मचे बवाल पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी सेंट्रल बेंच,भोपाल ने आक्रामक रुख अपनाया है। आरटीआई एक्टिविस्ट अमोल उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा किया है।

विदित हो कि कचरे को ठिकाने लगाने के बजाय उसे खुलेआम आग के हवाले किया जा रहा है, जिससे उठने वाला जहरीला धुआं (डायोक्सिन और फुरान) आसपास की हवा को विषैला बना रहा है।

खास बातें

- वैज्ञानिक निष्पादन के लिए अनिवार्य 'ट्रोमेल मशीन' आज तक साइट पर इंस्टॉल ही नहीं की गई
- बिना ट्रीट किए निकला दूषित पानी सीधे भूजल और मिट्टी में मिलकर जलस्रोतों को बर्बाद कर रहा है।



इनसे मांगा जवाब

जस्टिस शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने इस मामले में कानून नर्मदापुरम जिला कलेक्टर, तत्कालीन सीएमओ ऋतु मेहरा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, मीनाक्षी चौधरी, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव, नपा इटारसी स्वास्थ्य समिति सभापति राकेश जाधव, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव और ठेकेदार कंपनी 'एसआर मैप टेक्नोलॉजीज' को प्रतिवादी बनाया है।

मशीन गायब, हवा में जहर और तड़पते बेजुबान

नगर पालिका परिषद इटारसी ने 20 दिसंबर 2023 को ग्वालियर की 'मेसर्स एसआर मैप टेक्नोलॉजीज' को जिलवानी साइट पर करीब 31,400 मीट्रिक टन पुराने कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन (बायो-माइनिंग) के लिए 1,72,90,900 रुपये का भारी-भरकम ठेका सौंपा था। लेकिन कागजों के बाहर जो तस्वीर उभरी,वह रौंगटे खड़े कर देने वाली है।

कमेटी की जांच और नपा की सफाई

मामले में एनजीटी ने एक ज्वाइंट कमेटी का गठन किया है, जिसमें कलेक्टर,सीएमओ और प्रदूषण बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह कमेटी मौके का मुआयना कर 6 हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। साथ ही कोर्ट ने कचरा जलाने और जहरीला पानी बहाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के कड़े निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि अभी हमें नोटिस नहीं मिला है, मिलने पर जवाब देंगे। घोटाले जैसी कोई बात नहीं है। क्योंकि अब तक कंपनी को कोई भुगतान नहीं किया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने संचालक व विक्रेता पर मामला दर्ज करने दिए निर्देश

राशन दुकानों में 1.04 करोड़ की अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले की दो राशन दुकानों में स्टॉक की जांच के दौरान करीब 1.04 करोड़ रुपए के राशन की अनियमितता सामने आई है। प्रशासन की जांच में ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड में दर्ज गेहूं-चावल की मात्रा और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में बड़ा अंतर पाया गया। मामले में दुकान प्रबंधक प्रकाश तिवारी और विक्रेता हर्ष तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।



जांच में सामने आई अनियमितता

जांच के अनुसार दुकान क्रमांक 2601055 में रिकॉर्ड में 14,070 किलो गेहूं और 3,406 किलो चावल दर्ज था, जबकि मौके पर 300 किलो गेहूं और 100 किलो चावल मिला। इससे करीब 33.17 लाख रुपए की अनियमितता सामने आई। वहीं दुकान क्रमांक 2601065 में रिकॉर्ड में 20,757 किलो गेहूं और 4,919 किलो चावल दर्ज था, जबकि मौके पर 400 किलो गेहूं और 200 किलो चावल मिला। यहां करीब 70.82 लाख रुपए की अनियमितता बताई गई है।

जांच में यह भी सामने आया कि मई 2025 में ही जून से अगस्त तक का राशन वितरित होना रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया था। संबंधित क्षेत्र के करीब 250 से 300 परिवारों को तीन माह तक राशन नहीं मिलने की बात भी जांच में सामने आई।

प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सरोज सिंह परिहार ने 28 सितंबर को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अमित साहू ने कोतवाली थाने में शिकायत की है। विभाग के अनुसार आरोपियों से 1,03,99,851 रुपए की राशि की वसूली भू-राजस्व की बकाया राशि की तरह की जाएगी। दोनों राशन दुकानों को निलंबित कर हितग्राहियों को नजदीकी जय भोले और बालागंज उपभोक्ता भंडार से अटैच किया गया है।

नशा मुक्ति और जनकल्याणकारी योजनाओं पर छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में NSS एवं NCC के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा के मार्गदर्शन में हुआ। छात्राओं ने जीवंत संवाद और प्रभावी अभिनय के माध्यम से नशे के व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों को प्रस्तुत करते हुए 'नशामुक्त भारत-सशक्त भारत' का संदेश दिया। साथ ही लाड़ली बहना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला एवं छात्रवृत्ति सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया गया।

नुक्कड़ नाटक देखने के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्राओं के साथ आसपास के दुकानदार, राहगीर एवं नागरिक भी बड़ी संख्या में जुटे। उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में नशे से दूर रहने और समाज में सकारात्मकता का प्रसार करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में NSS अधिकारी श्रीमती प्रेमलता पाटिल, NCC अधिकारी सुश्री नीतू अहिरवार एवं नाटक के परिकल्पना, पटकथा व निर्देशनकर्ता डॉ. शिरीष परसाई का विशेष सहयोग रहा।

जीनियस प्लानेट के 3 हॉकी खिलाड़ी स्टेट लेवल पर खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के जीनियस प्लानेट स्कूल के तीन प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। युवराज सिंह राजपूत, हर्ष मालवीय और छवि पटेल आगामी 3 अक्टूबर से सिवनी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जाफर सिद्दीकी एवं प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने उन्हें बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर ने कहा कि खिलाड़ियों ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि तीनों खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल और संभाग का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के खेल प्रशिक्षकों एवं स्टाफ ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों के चयन पर नगर के खेलप्रेमियों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

वार्ड 31 में विधायक निधि से दो सीसी रोड का भूमिपूजन, नागरिकों ने नपा का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बाजार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 31 में विधायक निधि से स्वीकृत दो सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें पुराने ग्रीन प्वाइंट स्कूल से मनीष जैन के घर तक तथा डॉ. हीरा के क्लीनिक से श्रीलाल के घर तक सड़क निर्माण शामिल है।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे विशेष अतिथि रहे। भूमिपूजन नपाध्यक्ष पंकज चौरे एवं वार्ड पार्षद मनीषा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों को वैधानिक एवं संवैधानिक तरीके से आगे बढ़ाते हुए शहर के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि बाजार क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा रहा है। वार्ड 31 में सड़क एवं नाली निर्माण के कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा अन्य आवश्यक कार्य भी लगातार कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोसिया, पार्षद कीर्ति दुबे, राहुल प्रधान, विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे सहित जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

हांका दल की कार्रवाई, 34 सांडों को किया नगर सीमा से बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा के हाका दल द्वारा कार्रवाई करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सांडों को नगर सीमा से बाहर किया गया है। जिसमें मालाखेड़ी, कलेक्ट्रेट बंगला, आईटीआई रोड, कृषि मंडी शामिल है। इन जगहों से करीब 34 सांडों को पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में यह कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में तरुण शुक्ला,शिवम केवट, मुकेश शर्मा, गब्बर सिंह राजपूत, विशाल मालवीय आदि उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने गौवंश को घर पर ही बांधकर रखें। यहां वहां छोड़ देने से वे सड़क पर आवारा घूमते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। अतः अपने पशुओं को घर पर ही बांधकर रखें।

गाइड साथियों ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी का जताया आभार

41 गाइडों को नियमित रोस्टर प्रणाली में मिली जगह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी की पहल से वर्षों पुरानी मांग का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, पचमढ़ी में वर्षों से प्रतीक्षा सूची में रहकर नियमित रूप से गाइड का कार्य कर रहे 41 गाइडों को अब नियमित रोस्टर प्रणाली में शामिल किया गया है। यह कार्रवाई गाइड साथियों की मांग पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी की पहल के परिणामस्वरूप हुई है।

गाइडों द्वारा नियमित रोस्टर प्रणाली में शामिल किए जाने का आग्रह सांसद दर्शन सिंह चौधरी के समक्ष किया गया था। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी के पश्चिम वन परिक्षेत्र अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए थे। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2021 से 2026 तक की अवधि में प्रतीक्षा सूची में रहते हुए नियमित रूप से गाइड का कार्य करने वाले तथा फॉरेस्ट ऑफिस एवं फॉरेस्ट काउंटर पर दर्ज 41 गाइडों को नियमित रोस्टर प्रणाली में शामिल किया गया है। इस निर्णय से गाइड साथियों में खुशी का माहौल है। गाइडों ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेकर समाधान की दिशा में पहल करने से उन्हें रोजगार एवं कार्य में स्थायित्व की नई उम्मीद मिली है।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं और जायज मांगों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधि के रूप में हमारी प्राथमिकता है। पचमढ़ी के गाइड स्थानीय पर्यटन व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके हितों से जुड़े विषयों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

नपा में हुई जनसुनवाई, लोगों को मिला त्वरित समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति का आवेदन दिया गया। जिस पर तत्काल पीएम आवास शाखा प्रभारी दीपक गौर द्वारा समस्या का समाधान किया गया।

अधीक्षक सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

आज पीएम आवास, समग्र आईडी सुधरवाने, वार्ड क्रमांक 19 बंगाली कालोनी में सड़क का कार्य शुरू करने तथा ग्वालटोली में पेयजल सप्लाई के आवेदनों पर कार्रवाई की गई। आज की सुनवाई में कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, उपयंत्री मुकेश जैन, स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी अनुराग तिवारी आदि ने उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

जुड़वा बच्चों को जन्म देने वाली महिला की मौत

बैतूल। जुड़वा बच्चों को जन्म देने वाली महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की पहचान मंडई निवासी 25 वर्षीय संगीता पत्नी राजेश उइके के रूप में हुई है। संगीता ने 13 नवंबर को जुड़वा बच्चों एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया था। फिलहाल दोनों बच्चे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। परिजनों के अनुसार, संगीता 25 सितंबर को अस्पताल से छुट्टी के बाद अपने मायके मंडई गई थी। बुधवार को उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भगत से झाड़-फूंक भी कराई गई थी। उसकी मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों की टीम कर रही है। टीम में एक महिला रोग विशेषज्ञ भी शामिल है। पुलिस और डॉक्टरों की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार की ओर से फिलहाल किसी तरह की आशंका या आरोप नहीं जताया गया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

झाड़ फूंक कराने गांव पहुंचे युवक की हत्या

बैतूल। झल्लार थाना क्षेत्र के खोदरी गांव में गुरुवार 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या का मामला सामने आया है। युवक भगत-भूमका कराने के लिए गांव आया था। उसका शव गांव के ही एक व्यक्ति के घर में मिला। पुलिस ने संदेह के आधार पर घर के मालिक सुनील और उसके भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। शव की पहचान शेखर पाल पिता दिनेश पाल (25) निवासी पांगरा, थाना कोतवाली क्षेत्र, के रूप में हुई। झल्लार थाना प्रभारी वहीद खान के मुताबिक, शेखर बुधवार को खोदरी गांव में सुनील के घर आया था। बाद में इसी घर में उसका शव मिला। पुलिस के अनुसार, शेखर के सिर, कान के नीचे और पेट में धारदार हथियार से चोट के निशान पाए गए। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बैतूल से फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को मौके पर बुलाया। टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच कर रही है। पुलिस फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं मान रही है। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग या छेड़छाड़ से जुड़े विवाद की आशंका सहित अन्य पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

जिले में बनेगे 48 आंगनवाड़ी भवन, खर्च होंगे 4.08 करोड़

163 केंद्रों को जर्जर घोषित करने का प्रस्ताव करीब 50 भवन डिस्मेंटल के लिए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने 163 आंगनबाड़ी भवनों को जर्जर घोषित करने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी को भेजा है, जिसमें से करीब आधा सैकड़ा भवनों को पीडब्ल्यूडी ने निरीक्षण के बाद डिसमेंटल के लिए अनुमोदन कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि इनमें कई भवनों की उम्र महज 15 से 20 वर्ष है। इतने कम समय में ही यह भवन जर्जर हो गये है। इन भवनों की हालत खराब है। कहीं भवन टूटकर जमींदोज होने का डर है, तो कहीं पर बारिश के पानी के रिसाव के कारण बच्चों का केंद्र में बैठना मुश्किल है। इन सब समस्याओं के बीच नौनिहाल सुविधा विहीन इन भवनों में पहुंचते हैं। बता दे कि जिले में 2,348 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें बड़ी संख्या में भवनों में नियमित रखरखाव का अभाव सामने आ रहा है। बारिश में छतों से पानी टपकना, सीपेज, टूटे छज्जे और खराब स्थिति वाले भवन इस बात के संकेत हैं कि निर्माण के बाद इनके रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। अब 168 भवनों को जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया के बीच सिर्फ नए निर्माण पर ध्यान देने के बजाए पुराने भवनों की गुणवत्ता, निर्माण की जिम्मेदारी और उसकी निगरानी की पड़ताल जरूरी हो गई है।



जिले में 48 नये आंगनबाड़ी भवनों को मंजूरी

सरकार जिले के 48 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण पर 4 करोड़ 8 लाख 96 हजार रुपए खर्च करने जा रही है। जिले में 48 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को मंजूरी मिली है। प्रत्येक भवन की लागत 11.22 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इनमें आठनेर में 2, घोड़ाडोंगरी में 9, चिचोली में 1, प्रभातपट्टन में 1, भीमपुर में 3, भैंसदेही में 3 और शाहपुर में 3 भवन शामिल बताए गए हैं। प्रत्येक भवन के लिए पहली किश्त के रूप में 8.52 लाख रुपए जारी किए गए हैं, जबकि दूसरी किश्त 2.70 लाख रुपए की होगी। ऐसे में नए भवनों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि गुणवत्ता की निगरानी प्रभावी नहीं रही तो कुछ वर्षों बाद इन्हीं भवनों की मरम्मत या डिसमेंटल के लिए फिर सरकारी राशि खर्च करनी पड़ सकती है।

15 से 20 साल पुराने भवन गिराना हो गया जरूरी

आठनेर ब्लॉक में जर्जर घोषित भवनों की स्थिति पुराने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है। सलाईढाना का आंगनबाड़ी भवन 15 वर्ष पहले बना था, जिसे अब जर्जर घोषित किया है। कावला भाग-1 का भवन 16 वर्ष पुराना है। इसी तरह बैरमढाना का भवन 29 वर्ष, मेढाढाना 23 वर्ष, डागरापाठा 21 वर्ष, पलासपानी 18 वर्ष, बागवानी 20 वर्ष, नथ्थूढाना 15 वर्ष और अंधेरवाड़ी का भवन 21 वर्ष पहले बनाया गया था।

इन भवनों को अब डिसमेंटल की श्रेणी में रखा गया है। यदि 15 से 20 साल पुराने भवनों को संरचनात्मक रूप से इतना खराब माना जा रहा है कि उन्हें गिराना जरूरी हो गया, तो निर्माण के समय इस्तेमाल हुई सामग्री, निर्माण एजेंसी, तकनीकी निगरानी और बाद में किए रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय हो। सिर्फ नए भवन बनाने से पुराने निर्माण की खामियां खत्म नहीं होतीं।

गोद लेने के बाद भी नहीं सुधरे हालात

जिले में कुछ समय पहले आंगनबाडियों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने गोद लिया था। उद्देश्य था कि केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार हो, लेकिन कई जगह गोद लेने की प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई। गोद लेने के बाद भी आंगनबाडियों की न तो स्थिति में सुधार आया और न ही पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हो सकी। कई आंगनबाडियों की हातल तो ऐसी है कि कई महीनों और सालों से उनका रंगरोगन तक नहीं हुआ है। आंगनबाड़ी का फर्श उखड़ चुका है। दीवारों का कलर उतर गया है। आंगनबाड़ी की दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। लेकिन उनकी न तो मरम्मत हुई और न ही देखरेख करने वाला कोई है। सिर्फ कागजी और मौखिक शिकायत ही हो रही है, लेकिन सुधार नहीं हो रहा है। जिससे यह भवन अब जर्जर हालत में दिखाई देने लगे है।

बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी

बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केंद्रों पर है। यहां 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक आहार और गर्म पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जाँच, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएँ स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दी जाती हैं। गंभीर रूप से कुपोषित, बीमार बच्चों या आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाओं को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल भेजा जाता है। माताओं को उचित खान-पान, साफ-सफाई, बच्चों की देखभाल और स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

निर्देश जारी होंगे

पूर्व में आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया गया था। इस वजह से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हुई होगी। वैसे जो नए भवन स्वीकृत हुए हैं उनकी मॉनिटरिंग के लिए निर्देश जारी होंगे।
ब्रजेश वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैतूल

विद्युत कटौती शेड्यूल

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 3 से 7 अक्टूबर तक अलग-अलग तिथियों में मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल जॉन 2 के प्रबंधक शहर ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 3 अक्टूबर को टिकारी फीडर के बच्चा जेल, प्रताप वार्ड महावीर वार्ड, अखाड़ा चौक, जेरी चौक, गाड़ाघाट पम्प, पटने आटा चक्की, नागदेव मंदिर टिकारी, ईशाई चौक, नर्स ट्रेनिंग स्कूल, कृष्णापुरा, ठाकरे की चाल, मोती वार्ड, डॉ कसेरा, गोठी कालोनी, फांसी खदान से दादावाड़ी, गोठी कालोनी, डॉ.पाडी, गौठाना नाका, शारदा नगर, वैष्णवी नगर, गंगोत्री कालोनी, कमानी गेट, थाना चौक, मांग मोहल्ला, दुर्गा वार्ड, गुड़ बाजार, गांधी चौक, साई मंदिर आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 4 अक्टूबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक टाउन-2 के लिंक रोड, चंद्रशेखर वार्ड, कारगिल चौक, बारस्कर कालोनी, पीडब्लूडी कालोनी, कोठी बाजार, कंपनी गार्डन, आजाद वार्ड, गर्ल्स कालेज, वीवीएम कालेज, तल्लैया मोहल्ला, अम्बेडकर चौक, उमप किराना, राठी अस्पताल, ड्रीम होम्स कालोनी, नेहरू पार्क आदि क्षेत्र तथा टाउन-1 के कोर्ट परिसर, पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पम्प, पुलिस कन्ट्रोल रुम, जिला पंचायत, ड्राइवल कार्यालय, एमपीईबी कार्यालय आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसके अलावा 5 अक्टूबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक सदर फीडर के एमपीईबी कालोनी, अग्निहोत्री कालोनी, सतपाल आश्रम, प्रताप वार्ड, सुपर इंदिरा वार्ड, किराना, बसंत पेट्रोल पम्प, गाड़ाघाट रोड, सोनाहिल कालोनी तथा 6 अक्टूबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

सोलर से 90 प्रतिशत तक घटेगा बिजली बिल, 78 हजार तक अनुदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आठनेर कार्यालय में गुरुवार को बिजली उपभोक्ताओं के लिए शिविर आयोजित कर केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना एवं सेवा सेतु अभियान के तहत सोलर लगाने की जानकारी दी गई। महाप्रबंधक बैतूल योगेंद्र चौधरी ने बताया कि योजना के तहत सोलर लगाने पर बिजली बिल में 90 प्रतिशत तक की बचत संभव है। शासन की ओर से 78 हजार तक का अनुदान भी दिया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से होने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भैंसदेही के प्रबंधक एवं विभाग के कनिष्ठ अभियंता अरविंद डेहरिया ने भी उपभोक्ताओं से चर्चा की। बैतूल के सोलर वेंडर विशाल सोनारे ने सोलर उपकरणों की जानकारी दी।

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छह विद्यार्थियों का लॉन टेनिस में राज्य स्तर के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शालेय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। लॉन टेनिस में विद्यालय के अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के कुल छह खिलाडय़ों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंडर-14 वर्ग में राघव तिवारी, आदित्य मानकर एवं अनन्या मालवीय ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में पूर्वांश गोठी, भव्य मरोठी एवं काव्या बोथरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाई। राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका शालेय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 10 अक्टूबर तक इंदौर में किया जाएगा, जिसमें चयनित खिलाड़ी कोच भोलाराम यादव के साथ नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। लॉन टेनिस के साथ ही फुटबॉल में भी विद्यालय के खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में ईशान माथनकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए कोच देव सयाने के मार्गदर्शन में चयन हासिल किया। यह प्रतियोगिता 3 से 5 अक्टूबर तक शाजापुर में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा एवं उप प्राचार्य अरविंद सिंह राजपूत सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

पावर हाउस के मुख्य अभियंता ने डीआरएम को लिखा पत्र

नागपुर आमला मेमू पैसेंजर को घोड़ाडोंगरी तक चलाने की मांग

आमला के लोगों ने भी फिर उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

क्षेत्र के लोगों द्वारा वर्षों से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज और कुछ मेमू ट्रेनों का फेरा बढ़ाने की मांग की जाती रही है। किंतु इलाके में वर्षों से सत्ता में जमे जनप्रतिनिधियों ने इन जरूरी जनता की मांगों पर कोई ध्यान ही नहीं दिया। किंतु इन्हीं सबके बीच सारणी पावर हाउस के मुख्य अभियंता (उत्पादन) ने रेलवे के डिवीजनल मैनेजर को पत्र लिखकर नागपुर आमला मेमू पैसेंजर का फेरा घोड़ाडोंगरी तक बढ़ाने की मांग की है।

सारणी पावर हाउस के मुख्य अभियंता एसके लिलोरे के पत्र क्रमांक 08004/26 के मुताबिक घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के अंतर्गत सारणी थर्मल पावर हाउस एवं डब्लू.सी.एल. के हजारों कर्मचारी और उनके परिजन दैनिक रूप से चिकित्सीय एवं व्यापारिक कार्य से नागपुर जैसे विकसित शहर का पर निर्भर है और प्रतिदिन सड़क मार्ग से अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए नागपुर आवागमन करते हैं उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए नागपुर आमला मेमू पैसेंजर को घोड़ाडोंगरी तक विस्तारित किया जाता है तो इलाके में आमजनों को बेहद लाभ मिल सकता है।



अगले एक साल में 5 हजार कर्मचारी बढ़ेंगे

सारनी पावर हाउस के अभियंता ने अपने पत्र में हवाला देते हुए कहा है कि यहां सारणी थर्मल पावर हाउस में एक नई इकाई का निर्माण भी किया जाना है। ऐसे में यहां लगभग 5 हजार कर्मचारी अगले चार-पांच वर्षों में बढ़ जाएंगे। इन हालातो में मेमो पैसेंजर ऐसे कर्मचारियों को सुगमता प्रदान कर सकती है, यानी घोड़ाडोंगरी सारणी पावर हाउस इलाके में आने वाले कुछ वक्त में कर्मचारियों की संख्या में एक बड़ा इजाफा देखा जाएगा, जिससे यहां सुगम और सरल यातायात व्यवस्था की जरूरत भी होगी। ऐसे में मेमो पैसेंजर इस इलाके में एक जरूरत के रूप में भी देखी जा रही है।

आमला के लोगों ने भी ट्रेनों के स्टॉपेज की फिर उठाई मांग

इलाके के लोग यहां पिछले कई वर्षों से कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग करते रहे हैं। गौरतलब है कि पूरे भारत में आमला ही रेलवे का एकमात्र ऐसा जंक्शन है, जहां लगभग 8 घंटे से ज्यादा समय तक ब्लॉक रहता है। यानी इटारसी की ओर से आने और नागपुर की ओर जाने के लिए कोई भी पैसेंजर ट्रेन का यहां ठहराव नहीं है। ऐसे में यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और उसके लिए पिछले कई दशकों से लोग यहां अपनी आवाज भी उठा रहे हैं। किंतु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से इस और कभी भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसके अलावा आमला के लोगों ने एक बार फिर सप्ताह में 5 दिन चलने वाली 12808 और 12807 समता एक्सप्रेस, 12295 और 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम से निजामुद्दीन तक चलने वाली जयंती एक्सप्रेस का आमला मेंस्टॉपेज दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा यहां के लोगों ने अपनी मांग पत्र में कहा है, कि नागपुर से इंदौर तक सप्ताह में एक दिन चलने वाली अंबेडकर नगर एक्सप्रेस को प्रतिदिन किया जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी।

सेवा संकल्प अभियान में 121 यूनिट किया गया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार 1 अक्टूबर को पावर जनरेटिंग कंपनी के अस्पताल सारनी में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए कुल 121 यूनिट रक्तदान किया। एकत्रित रक्त को जिला रक्तकोष में जमा कराया गया, जिसका उपयोग जरूरतमंद मरीजों के उपचार में किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ क्षैत्रीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नपाध्यक्ष सारनी किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण, जिला रक्तदान अधिकारी डॉ. अंकिता सीते, पावर जनरेटिंग कंपनी अस्पताल के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय रघुवंशी, सीएमओ नितिन बिजवे सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। विधायक, नपा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका की ओर से रक्तदाताओं के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सारणी में इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सारणी के विकास को रुकने नहीं दिया जाएगा। एक यूनिट का काम शुरू हो चुका है और इसके बाद दूसरी यूनिट का काम भी शुरू होगा। खदानों का काम भी प्रारंभ हो गया है, जिससे क्षेत्र में विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। नगर पालिका द्वारा विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं और इन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा।

धरती, नदी और प्रकृति संरक्षण के लिए आज से 30 दिन की पदयात्रा

बैतूल। धरती, नदियों और प्रकृति के संरक्षण के साथ पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था 75 कदम एवं दिशा दृष्टि फाउंडेशन द्वारा 2 अक्टूबर से 30 दिवसीय धरती, नदी, सद्भावना, एकता, शक्ति सेवा पदयात्रा शुरू की जा रही है। पदयात्रा सुबह 8 से 9 बजे तक निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ शुक्रवार सुबह 8 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के शिवाजी गेट से होगा।

कलेक्टर ने सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार व सेवा मेरा योगदान की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार एवं सेवा मेरा योगदान की तैयारियों एवं प्रगति की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान का सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने 3 अक्टूबर को विकासखंड स्तर पर तथा 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में मुनादी कराकर अधिक से अधिक नागरिकों को शिविरों के आयोजन, उपलब्ध योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी जाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा सेतु अभियान में शामिल योजनाओं के संभावित हितग्राहियों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाया जाए। कलेक्टर ने शिविर स्थलों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। आम नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच भी निःशुल्क कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। शिविर स्थलों पर आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, आधार सहित अन्य आवेदनों का तत्परता से निराकरण कर नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के अधिकारियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने तथा किसानों को नैनो उर्वरक के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को पात्र हितग्राहियों की खाद्यान्न पात्रता पर्ची वितरण के लिए सूची तैयार करने तथा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को पात्र दिव्यांग एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण शिविरों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कैंसर की मुफ्त जांच के लिए 4 अक्टूबर को लगेगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

बैतूल नागरिक सेवा समिति के तत्वावधान में 4 अक्टूबर, रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बैतूल गंज स्थित राधाकृष्ण धर्मशाला में विशाल निशुल्क कैंसर रोग निदान एवं परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर कैंसर फाउंडेशन अमरावती एवं अंजली अस्पताल परतवाड़ा के सहयोग से होगा। संस्था अध्यक्ष राजेश गावंडे ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि शिविर में कैंसर विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. प्रभु जवंजाल, डॉ. राजेन्द्र सिंह अरोरा, इंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. अविनाश जवंजाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी जवंजाल, डॉ. अंजली ठाकरे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.डी. अडवानी, डॉ. नितिन अडवानी, डॉ. नीता अरोरा और डॉ. जाहिद अली के साथ डीएमएलटी निलेश काकड़े व स्थानीय चिकित्सक सेवाएं देंगे। शिविर में स्तन एवं स्त्री रोग संबंधी कैंसर, उदर, मुख, नाक-कान-गला तथा दंत कैंसर की मशीनों से निशुल्क जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन, कर्मचारी हुए सम्मनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुर दास नागवंशी, कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम ने हरि झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ की।

मैराथन में एसडीएम पिपरिया,सीईओ साडा पचमढ़ी, पी.टी.एस के जवान, वन विद्यालय के छात्र, राजा भभूत सिंह महाविद्यालय के छात्र, सांदीपनी विद्यालय के छात्र,डाइट के छात्र,गाइड एवं टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। अतिथियों को उद्यानिकी विभाग (हॉर्टिकल्चर) द्वारा औषधीय पौधे प्रदान



किए गए। भाजपा पचमढ़ी से छावनी परिषद नामित सदस्य संजय लेडवानी, चंद्रकांत अग्रवाल, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल उपस्थित रहे। साडा के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

संकल्प सेवा अभियान अंतर्गत शासकीय कर्मचारियों को किया सम्मानित



पिपरिया नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर विशेष रूप से चल रहे लगातार एक माह तक के कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के उन सभी लोगों को सम्मानित किया गया जो लोग सुबह भोरसेलेकर रात तक सफाई व्यवस्था कर नगर को सुंदरता प्रदान करते हैं। ऐसे सभी सफाई कर्मचारी संगठन के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर गोपालदास दुदानी सहित अन्य सभी पार्षदों कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी के द्वारा सम्मानित किया गया। सेनेटरी शाखा प्रभारी यासीन खान सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बज्जरवाड़ा में लगाया रक्तदान शिविर



माखन नगर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को बूथ क्रमांक 66 व 67 बज्जरवाड़ा मंडल आरी विधानसभा सुहागपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगो ने उत्साह पूर्ण रक्तदान में भाग लेकर रक्त का दान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष विपिन यादव बीएमओ कल्याणी यादव सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र यादव बूथ अध्यक्ष विक्रम यादव संदीप साहू सचिव बनवारी यादव सहायक सचिव राकेश यादव स्वाथ्य विभाग की टीम एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आराध्य सरोज का राज्य स्तरीय हॉकी में चयन

सोहागपुर। नगर के गैलेक्सी पब्लिक स्कूल सोहागपुर के छात्र आराध्य सरोज का राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में चयन हुआ है।



जानकारी अनुसार आराध्य तीन से सात अक्टूबर तक सिवनी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन पर शाला प्राचार्य अभिनय सोनी, स्कूल डायरेक्टर्स अभय खंडेलवाल, कीर्ति दुबे, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी हेमराज सिंह नागा, अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल सहित विद्यालय परिवार एवं नगर के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मोक्ष धाम में सब्बल हुए चोरी, सौंपा ज्ञापन

पचमढ़ी। शांतिवन मोक्ष धाम में 25 सितंबर को किसी असमाजिक द्वारा मोक्ष धाम के स्टोर रूम का ताला तोड़कर लोहे के सब्बल एवं अन्य सामग्री की चोरी की गई। इस संबंध में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल प्रखण्ड पचमढ़ी ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर मांग की कि, चोर को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और करवाई कर सजा दिलवाई जाए।

शहरी क्षेत्रों में भी उपभोक्ताओं को होना पड़ रहा है परेशान

राशन दुकान संचालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां, शासन का नहीं है खौफ

पिपरिया जनपद पंचायत और नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय राशन दुकानों के संचालन में भारी अनियमितताएं और लापरवाही सामने आ रही हैं। स्थिति यह है कि जंगल पट्टी की दुकानों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शासकीय राशन दुकानों के संचालन में बड़े पैमाने पर धांधली और अनियमितता का मामला सामने आया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा के चलते राशन दुकान संचालक बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

राजनीतिक संरक्षण का खेल

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लगभग सभी राशन दुकान संचालकों को राजनीतिक दलों का संरक्षण प्राप्त है। इसी रसूख के कारण प्रशासनिक अधिकारी दुकानों की निष्पक्ष जांच करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। स्थिति यह है कि एक-एक संचालक के पास 3 से 4 दुकानों का प्रभार है।

खास बातें

- **नेटवर्क का बहाना :** ऑनलाइन व्यवस्था से बचने के लिए नेटवर्क न मिलने का बहाना बनाकर धड़ल्ले से ऑफलाइन वितरण चलाया जा रहा है।
- **शासकीय भवनों पर कब्जा :** पिसुआ सहित आसपास के दुकानदारों ने किराया और बिजली बिल बचाने के लिए शासकीय विद्यालयों और पुराने न्यायालय भवनों पर अवैध कब्जा जमा रखा है।
- **कम राशन व गैस की कालाबाजारी :** नगर पालिका क्षेत्र के राशनकार्ड धारकों को तय मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। वहीं, शहर के होटलों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है, जिस पर विभाग मौन है।

जंगल पट्टी में ताले बंद, अवैध कब्जों से बचा रहे किराया

मध्य प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि राशन दुकानें प्रतिदिन सुबह से नियमित खोली जाएं। इसके विपरीत मटकुली, पिसुआ, टेकापार, सिंगानामा, मोहगांव, पगारा, नांदियाकलां और समनापुर जैसी जंगल पट्टी की दुकानों पर महीने में मुश्किल से केवल 3 दिन ही ताला खुलता है।

इनका कहना है...

सभी जगह ऑनलाइन वितरण किया जा रहा है। जंगल पट्टी में नेटवर्क न मिलना एक व्यावहारिक समस्या है, इसलिए वहां ऑफलाइन वितरण कराया जा रहा है।

मनोज शुक्ला, कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी

लगभग सभी स्थानों पर राशन का वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है। बाकी शिकायतों के संबंध में खाद्य अधिकारी से चर्चा की जा रही है। यदि कहीं भी गड़बड़ी पाई जाती है तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

आकिब खान, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)

रेलवे के पुराने भवन में मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के पीछे की ओर स्थित एक पुराने भवन में एक व्यक्ति का शव बुधवार रात मिला है। मामले में पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे के वक्त भवन का नाम गुंजन भवन है। जहां एक व्यक्ति का शव मिला है। शव के समीप से चंद्रबहादुर थापा के आधार कार्ड व पैनकार्ड मिले हैं। पुलिस के अनुसार आधार कार्ड पर वाटिका रेस्टोरेंट के पास सरदार वार्ड का पता लिखा है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि कोई मृतक को या उनके परिवार को जानता हो, तो सोहागपुर थाने में संपर्क करने करे।

ताम्रकार समाज ने मनाया बलिदानी देवी मानवती स्मृति दिवस, सम्मानित हुईं प्रतिभाएं

माखननगर। स्थानीय हैहयवंशीय ताम्रकार समाज द्वारा झांसी की कुटुंब बलिदानी देवी मानवती का स्मृति दिवस श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु के विधिवत पूजन-



अर्चन और देवी मानवती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कीर्ति वर्मा ने देवी मानवती के शौर्यपूर्ण जीवन वृत्त पर आधारित स्वरचित गाथा को आल्हा की तर्ज पर प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। समारोह के दौरान समाज और नगर का मान बढ़ाने वाली गुप्ता परिवार की सुपुत्री डॉ. सेजल गुप्ता का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी (वर्मा सेनानी परिवार) दीपक वर्मा एवं समस्त समाजजनों द्वारा जिला अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति वर्मा का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें गोपी वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का समापन मधुर भजनों और स्वल्पाहार के साथ हुआ। अंत में माखननगर इकाई अध्यक्ष ललित ताम्रकार ने उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश, प्रदीप, संजय, अरुण, राजेश, कार्तिकेय, सौमित्र, सुरेश, शिवशंकर, दीपक, अंकित, विमल, रितेश, सुमित, अमित, पुष्पा, प्रीति, गोपी, नीलू, सुनीता, सरोज, संध्या, कविता, निधि, अर्चना, रानू, मीनाक्षी, दीक्षा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

प्राकृतिक खेती के अनूठे तरीकों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर स्थित मनोहर नेचुरल कृषि फार्म पर ख्यात प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक सुभाष पटेल द्वारा रसायन रहित कृषि की जाती है। उक्त फार्म का गत दिवस जिले के अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। कृषक सुभाष पटेल ने बताया कि इस दौरान और बेहतर परिणामों के लिए अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत स्थापित बायो रिसोर्स सेंटर का नर्मदापुरम डिवीजन ज्वाइंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर एमएस देवके ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान देवके ने मनोहर प्राकृतिक फार्म पर प्राकृतिक तरीके से की जा रही बासमती धान की खेती का अवलोकन किया। साथ ही फार्म पर बागवानी एवं विभिन्न सब्जियों की मल्टी लेयर फार्मिंग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक आदानों के उपयोग, बहुस्तरीय खेती तथा खेती की लागत कम करने से संबंधित विषयों पर अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर आत्मा संस्था से जवाहर काशदे, गोविंद मीना, एसएडीओ सुनील बर्डे, महेंद्र पवार एवं बीटीएम लवकुश पटेल उपस्थित रहे।

मधुर मिलन दशहरा महोत्सव समिति की बैठक संपन्न, चौरसिया बने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष, इस वर्ष होंगे भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मधुर मिलन दशहरा समिति सोहागपुर की वार्षिक बैठक बुधवार शाम बावड़ी वाले मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा निवर्तमान अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। वहीं नव अध्यक्ष की नियुक्ति की गई।

निर्वतमान अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 के लिए युवा सामाजिक कार्यकर्ता आकाश चौरसिया को मधुर मिलन दशहरा समिति सोहागपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शर्मा ने कहा कि बैठक महंत हरकिशनदास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में इस वर्ष के दशहरा महोत्सव के आयोजन एवं नवीन अध्यक्ष के चयन को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष पद के लिए दो नाम प्रस्तावित हुए। जिनमें से आकाश चौरसिया को सर्व सहमति से अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष देवांशु शर्मा द्वारा पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने कहा कि इस वर्ष



दशहरे पर सोहागपुर की परंपरानुसार भव्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समिति द्वारा इस हेतु जनसंपर्क करते हुए धन संग्रह का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा।

ये रहे उपस्थित

बैठक में गत वर्ष के आयोजन की चर्चा सहित आगामी वार्षिक आयोजन की रूपरेखा पर विचार विमर्श के लिए समिति के वरिष्ठ सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से कन्नूलाल अग्रवाल, संतोष मालवीय, बीके शर्मा, मंगलसिंह रघुवंशी, जेपी माहेश्वरी, संजय तिवारी, उमेश रघुवंशी, कृष्णा पालीवाल, नीरज चौधरी, प्रशांत जायसवाल, पवन चौहान, चुन्नीलाल मुद्गल, अश्विनी सरोज आदि शामिल थे। निर्वतमान अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने गत वर्ष किए गए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने सभी से सहयोग का आग्रह किया। सभी क्षेत्रवासियों ने नव नियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी है।

करेंगे उत्तम आयोजन



मधुर मिलन दशहरा समिति महोत्सव दिवस पर परंपरा अनुसार श्रेष्ठतम आयोजन करेगी। जनता से अपील है कि सभी सहभागी बनें।

आकाश चौरसिया, नवनियुक्त अध्यक्ष मधुर मिलन दशहरा समिति सोहागपुर।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुआ वृद्धजन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधिक साक्षरता शिविर एवं वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा सर्वप्रथम वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007के अंतर्गत जानकारी दी गई। जिसके कारण दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में धारा 125 भारतीय नागरिक सूरक्षा संहिता की धारा 144के अनुसार भरण पोषण का प्रावधान है। ऐसे ब्रदधजन अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में अपना प्रकरण प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय द्वारा ब्रदधजन को अपनी संपत्ति पर अधिकार का प्रदान करते हैं।



नाम परिवर्तन सूचना

मैं मोहम्मद इल्यास याकुबजी खत्री आयु करीब 44 वर्ष आत्मज श्री याकुबजी खत्री निवासी किलापुरावार्ड सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम, म.प्र. यह कि शपथकर्ता के नाम से पूर्व में एक जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ हैं। जिसमें शपथकर्ता का नाम एवं अपने पिता का नाम एवं अपनी माता का नाम गलत दर्ज हो गया हैं शपथकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र में शपथकर्ता का नाम मो. इल्यास खत्री दर्ज हो गया हैं जो कि गलत हैं, शपथकर्ता अपना हिन्दी भाषा में सही नाम मोहम्मद इल्यास याकूबजी खत्री एवं अंग्रेजी वर्णमाला में Mohammad Ilyas Yakubji Khatri दर्ज करवाना चाहता हैं। एवं अपने पिता का सही नाम याकूबजी अहमदजी खत्री अंग्रेजी वर्णमाला में Yakubji Ahmadji Khatri माता का सही नाम सुगरा बी याकूबजी खत्री अंग्रेजी वर्णमाला Sugra Bee Yakubji Khatri सही नाम दर्ज कराना चाहता हैं। यह कि शपथकर्ता अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में अपने पुत्र का नाम मो. रिजवान खत्री दर्ज हो गया हैं जो कि गलत हैं, शपथकर्ता अपने पुत्र का हिन्दी भाषा में सही नाम मोहम्मद रिजवान मोहम्मद इल्यास खत्री एवं अंग्रेजी वर्णमाला Mohammad Rizwan Mohammad Ilyas Khatri हिन्दी भाषा में सही नाम मोहम्मद इल्यास याकूबजी खत्री एवं अंग्रेजी वर्णमाला में Mohammad Ilyas Yakubji Khatri माता का सही नाम हिन्दी वर्णमाला में बिलकीसबी मोहम्मद इल्यास खत्री अंग्रेजी वर्णमाला Bilkisbee Mohammad Ilyas Khatri में सही नाम दर्ज करवाना चाहता हैं। यह कि शपथकर्ता अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में फातिमा बी खत्री दर्ज हैं जो कि गलत हैं, शपथकर्ता अपनी पुत्री का सही नाम हिन्दी भाषा में फातिमा बी मोहम्मद इल्यास खत्री एवं अंग्रेजी वर्णमाला में Fatima Bee Mohammad Ilyas Khatri पुत्री हिन्दी भाषा में सही नाम मोहम्मद इल्यास याकूबजी खत्री एवं अंग्रेजी वर्णमाला में Mohammad Ilyas Yakubji Khatri माता का सही नाम हिन्दी वर्णमाला में बिलकीसबी मोहम्मद इल्यास खत्री अंग्रेजी वर्णमाला Bilkisbee Mohammad Ilyas Khatri में का नाम दर्ज कराना चाहता हैं। यह कि शपथकर्ता यह शपथपत्र इस्तेहार के माध्यम से प्रेषित कराना चाहता हैं। अपने सत्य कथनों की पुष्टि में निष्पादित करके श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हैं जो कि सत्य व सही हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्साह के साथ मनाया गया आंगन मिलन समारोह

महिलाओं को प्रेरित करने जनप्रतिनिधि पहुंचे आंगनबाड़ी, तीसरे दिन हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर एवं ग्रामीण अंचल के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन समारोह' उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपस्थित होकर सहभागिता की। समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को फल एवं मिठाइयां वितरित की गईं। साथ ही बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर



देश व समाज निर्माण में जमीनी स्तर पर अहम योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का जनप्रतिनिधियों द्वारा शॉल-श्रीफल से सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के बीच खेल गतिविधियां आयोजित करवाईं और विजेता बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ केंद्र में मौजूद सभी बच्चों को उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान केंद्रों पर आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी सजाई गई थी, जिसका अतिथियों द्वारा बारीकी से अवलोकन एवं आकलन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में वृक्षारोपण किया गया और उपस्थित जनों को मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन कर सुनाया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सभी सहायिकाएं तथा वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मेरी कहानी, मेरी सफलता संवाद के साथ कार्यक्रम संपन्न

इटारसी। आंगनबाड़ी सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय दिवस 'मेरी कहानी, मेरी सफलता' योजना लाभार्थी संवाद का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र 12, वार्ड 6, रामगढ़ शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद माया नारोलिया उपस्थित रहीं। पार्षद कुंदन गौर, जिम्मी कैथवास एवं मीरा राजकुमार यादव सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में हितग्राही माताएं शामिल हुईं। सांसद ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एएनएम अर्चना पटेल, रितु पटेल एवं सपना झालिया को



प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बच्चों एवं हितग्राहियों को फल और मिठाई का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अस्पृश्यता निवारण शिविर का आयोजन आज

हरदा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर अस्पृश्यता निवारण शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम 2 अक्टूबर को आयोजित होगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग प्रमोद माथुर ने बताया कि अस्पृश्यता निवारण शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष 2 अक्टूबर को खिरकिया विकासखंड के ग्राम पंधानिया के आंगनवाड़ी केन्द्र के पास दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

हरदा। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं ने संचालित पंजीयन केंद्र पर की है।

स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरदा। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर इस वर्ष 'दीर्घायु का युगः लंबे जीवनके लिए व्यवस्थाओं का पुनर्विचार' की थीम के अनुरूप जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि इस अवसर पर हरदा जिले के वृद्धाश्रम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे आने वाले हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यतः एन.सी.डी, मोतियाबिंद हेतु आँखों का परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, बधिरता हेतु स्क्रीनिंग, इत्यादि सेवाएं प्रदान की गई तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक अक्षमता इत्यादि समस्याओं विषयक स्वास्थ्य संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जैन महिला परिषद का व्यंजन मेला 4 को

हरदा। जैन महिला परिषद द्वारा सामाजिक एकता, महिला सहभागिता और पारिवारिक मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यंजन मेले का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। मेले को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के खाद्य स्टॉल, मनोरंजक गेम स्टॉल और आकर्षक खरीदारी के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। खाद्य स्टॉल पर सार्थक रापरिया, अभय बड़जात्या, शीला रापरिया, प्रज्ञा बजाज, जैनम-दिव्य घोष, लालू भैया-फणीश, ग्रंथ जैन तथा पूजा लहरी खमण सहित अन्य स्टॉल रहेंगे। वहीं बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए हार्दिक ग्रेवेयक, अक्ष बड़जात्या, ऋषित बजाज, गर्व कठनेरा, तनिष्क बड़जात्या और चर्चित गंगवाल द्वारा गेम स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले का विशेष आकर्षण साधना बड़जात्या का ज्वेलरी एवं मल्टी परपज आइटम स्टॉल तथा कुमकुम सिंघई का ज्वेलरी स्टॉल रहेगा। आयोजन को लेकर महिला परिषद की सदस्यों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

द्वितीय चरण की परीक्षा 7 से 18 अक्टूबर तक

खरगोन। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2026 के प्रथम चरण की लिखित परीक्षा 4 जून से 20 जून 2026 तक आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 14 अगस्त 2026 को घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के सामने, नाथ बरखेड़ा रोड, नीलबड़, भोपाल में आयोजित की जाएगी।

वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया

चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त करने तथा उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस ने सड़क पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया। बावड़ी बस स्टैंड पर चौराहे पर पहुंच कर यहां वोट चोरी को लेकर नाटक का प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ताओं ने हथकड़ी लगे ज्ञानेश कुमार का जुलूस निकला।

इस दौरान कार्यकर्ता रैली के माध्यम से कलेक्टर ऑफिस पहुंचे यहां हथकड़ी लगे ज्ञानेश कुमार को एसडीएम वीरेंद्र कटारे को सौंपकर कहा साहब इन्हें गिरफ्तार करो। हालांकि यह सब कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का हिस्सा रहा। इसके बाद जिला कांग्रेस की और से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया है कि लोकतंत्र में चुनाव महत्वपूर्ण हैं और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण मतदाता का मौलिक अधिकार है। ज्ञापन के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर रहते हुए ज्ञानेश कुमार ने इन दोनों संवैधानिक परंपराओं का कथित रूप से उल्लंघन किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लाखों योग्य मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने का प्रयास किया गया। मांगपत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयुक्त ने बोर्ड में दो अन्य आयुक्तों की सहमति के बिना फैसले लिए और उन्हें मनमाने तरीके से लागू किया।

मांगपत्र में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पूरे देश के लोकतंत्र की रक्षा करना है, लेकिन यदि उसी संस्था पर निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते हैं तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। ज्ञापन में आगे कहा गया कि जब भी निर्वाचन आयोग से सवाल किए जाते हैं, तो भारतीय जनता पार्टी के नेता जवाब देते हैं। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है और कहा है कि देश के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। कांग्रेस का कहना है कि ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जब तक ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर बने रहेंगे, तब तक निष्पक्ष चुनाव की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। मांगपत्र में चेतावनी दी गई है कि मांग पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर अपना आंदोलन जारी रखेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक, पूर्व मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधौ पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि जोशी, विधायक केदार डावर, प्रदेश कांग्रेस सचिव इन्दर बिरला मौजूद रहे।

अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज

कलेक्टर ने 4 मामलों में संबंधित सीएमओ को पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने नियम विरुद्ध कॉलोनी विकसित कर कृषि भूमि के छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय करने के चार मामलों में संबंधित अनावेदकों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अनधिकृत कॉलोनी विकास एवं निर्माण कार्य हटाने की कार्यवाही के लिए संबंधित तहसीलदारों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि पर सक्षम प्राधिकारी से कॉलोनी विकास की अनुमति प्राप्त किए बिना कृषि भूमि का विभाजन कर छोटे-छोटे भूखंड विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय किए गए। संबंधित कॉलोनियों का पंजीयन नहीं कराया था, भूमि का रेरा पंजीयन भी नहीं था तथा टीएनसीपी से नक्शा अनुमोदित नहीं कराया गया था। पहले प्रकरण में अनावेदक शारदा बाई पति सतीश यादव एवं अमन पिता सतीश यादव द्वारा टिमरनी के पटवारी हल्का क्रमांक 26 स्थित खसरा नंबर 130/1/1/1/1/1/1 की भूमि में छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय किए जाने की शिकायत की जांच में 10 भूखण्डों के विक्रय की जानकारी सामने आई। कलेक्टर ने तहसीलदार टिमरनी एवं सीएमओ टिमरनी को अनधिकृत विकास एवं निर्माण कार्य हटाने की कार्यवाही करने तथा संबंधितों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

तीन मामलों में कार्रवाई

दूसरे प्रकरण में रामकृष्ण पिता शंकरलाल मोरछले द्वारा पटवारी हल्का क्रमांक 11 के खसरा नंबर 217/6/1 में 21 भूखंड विक्रय किए जाने की जानकारी जांच में सामने आई। इसी प्रकार तीसरे प्रकरण में सफदर खान पिता मुजफ्फर खान द्वारा पटवारी हल्का क्रमांक 12 के खसरा नंबर 92/2 में 29 भूखंड तथा चौथे प्रकरण में फैसल खान पिता अब्दुल रज्जाक खान द्वारा पटवारी हल्का क्रमांक 10 के खसरा नंबर 216/3/1 में 15 भूखण्ड विक्रय किए जाने की जानकारी जांच में सामने आई। इन तीनों मामलों में भी कॉलोनी विकास के लिए आवश्यक अनुमति, पंजीयन, रेरा पंजीयन एवं टीएनसीपी से नक्शा अनुमोदन नहीं कराया गया था। कलेक्टर ने तहसीलदार हरदा एवं सीएमओ हरदा को अनधिकृत विकास एवं निर्माण कार्य हटाने की कार्यवाही करने तथा संबंधितों के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित भूमि पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नई कॉलोनी विकसित करने, भूखंड निर्माण, सड़क-नाली अथवा अन्य विकास कार्य करने तथा नए भूखंडों के विक्रय की कार्रवाई नहीं की जाए। मप्र नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनधिकृत विकास एवं निर्माण कार्य हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार जिलेभर में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। सभी जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफाई मित्रों की ब्लड शुगर, हाई बीपी सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा निरूशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर के दौरान कई सफाई मित्रों को अपने ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के स्तर की जानकारी पहली बार मिली। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच कराने की सलाह दी। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों को पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

नपा कर्मचारियों को एक महीने से नहीं मिला वेतन

सीहोर। नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले एक महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से परेशान नियमित, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों ने सीएमओ सुधीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर समय पर वेतन भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले एक साल से हर महीने वेतन भुगतान में देरी हो रही है।कर्मचारियों ने बताया कि वेतन समय पर नहीं मिलने से बैंक कर्ज की ईएमआई समय पर जमा नहीं हो पाती और पेनल्टी लग जाती है। बच्चों की फीस, घर के खर्च और दूसरी जरूरी जरूरतों पर भी असर पड़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन का भुगतान किया जाए।कर्मचारियों के मुताबिक, पिछले एक साल से वेतन से जीपीएफ और ईपीएफ की राशि काटी जा रही है, लेकिन संबंधित खातों में जमा नहीं हुई है।

कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से हुई



हरदा। प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार व अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया, श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हुआ भीकनगांव में पौधरोपण

महिला मंडल सदस्यों ने स्वच्छ एवं सुंदर परिसर के लिए किया प्रेरित



खरगोन। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भीकनगांव में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक भीकनगांव की मेरा युवा भारत वालंटियर प्रीति बासुदे के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित महिला मंडल के सदस्यों एवं नागरिकों को आसपास के परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल के सदस्यों ने सहभागिता कर पौधों की देखभाल एवं स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

बाजीराव पेशवे की 326वीं जयंती पर चलचित्र में शौर्य और रणनीति का प्रदर्शन

युद्ध रणनीति के चाणक्य थे बाजीराव, हंदवी स्वराज्य में योगदान को इतिहास ने छिपायाः आर्किटेक्ट भालेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

पीजी कॉलेज सभागार में बाजीराव पेशवे (प्रथम) की 326वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इतिहास प्रेमी, साहित्यकार, छात्र और स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा और महंत बाजीराव पेशवे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के सूत्रधार सेवानिवृत आर्किटेक्ट चंद्रकांत भालेराव और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी नीलमाधव भुसारी की संयुक्त प्रस्तुति रही। दोनों वक्ताओं ने स्वयंसिद्ध श्रीमंत बाजीराव पेशवे के जीवन पर आधारित अविस्मरणीय दृश्य से एलईडी के माध्यम से श्राव्य प्रस्तुत करते हुए अपूर्व शौर्य, पराक्रम और रणनीतिक कुशलता को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शन के दौरान बीच-बीच में बाल्यकाल से महाप्रयाण तक के इतिहास से रुबरु करा रहे मुख्य वक्ताओं के गहन चिंतन और शोध पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर अभिवादन किया।

आज भी सही इतिहास नहीं आया है सामने

वक्ताओं ने बताया बाजीराव को युद्ध मैदान में त्वरित रणनीति बनाने वाला चाणक्य कहा जाता है। उनकी गोरिला युद्ध कला आज भी विश्वप्रसिद्ध है। वक्ताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि बाजीराव की बाजीगरी का इतिहास हमसे छिपाया गया है। आज भी सही इतिहास सामने नहीं आया है। हिंदवी स्वराज्य स्थापना में दिए उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया।

मुगल नहीं कर पाए सामना

मुख्य वक्ता भालेराव ने बताया कि किस प्रकार बाजीराव ने अपने छोटे से कार्यकाल में मराठा साम्राज्य को उत्तर भारत तक फैलाया और मुगलों को चुनौती दी। इस वृत्तचित्र में हिंदवी स्वराज्य के विस्तारीकरण के दौरान लड़े गए तीन विश्वप्रसिद्ध युद्ध पालखेड़, दिल्ली और भोपाल के पराक्रम और त्वरित रणनीति को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया इन युद्ध में बाजीराव के युद्ध कौशल, उनकी त्वरित निर्णय क्षमता, रणनीति निर्माण और सेना के सफल नेतृत्व क्षमता का कोई मुगल सामना नही कर पाया। वृत्तचित्र ने उपस्थित दर्शकों को पेशवे के सैन्य अभियानों और उनकी दूरदर्शिता से परिचित कराया।

मस्तानी से प्रेम में तक सीमित रखा इतिहास

वक्ताओं ने टीवी सीरियल एवं फिल्मों में बाजीराव के जीवन को केवल मस्तानी के प्रेम तक सीमित रखने पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा यह उनके जीवन का महज 10 प्रतिशत हिस्सा है, जिसे दिखाया गया है। उन्होंने ऐसे प्रयासों को इतिहास की विकृति बताया। उन्होंने कहा इतिहास में 90 प्रतिशत जीवन को छिपाया गया। लगभग डेढ़ घंटे के इस अनूठे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भालेराव ने शिवाजी के हिन्दवी स्वराज के सबसे प्रमुख ध्वजवाहक, मराठा साम्राज्य के अपराजित एवं महान योद्धा परमवीर श्रीमंत बाजीराव पेशवा के जीवन परिचय के साथ युद्ध-नीति, युद्ध कौशल पर पूर्ण प्रामाणिक जानकारी को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।

बाजीराव का योगदान केवल युद्ध तक नहीं

उन्होंने बताया हिंदवी स्वराज्य के लिए बाजीराव ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। जीवन के अधिकांश समय अश्व पर रहते हुए इतिहास रचने वाले बाजीराव की बाजीगरी को आज भी लोग नही जानते। बाजीराव पेशवे का योगदान केवल युद्ध तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने मराठा साम्राज्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों में भी योगदान दिया। उपस्थितजनों से उनके वास्तविक इतिहास को जानने और समझने का आह्वान किया गया, ताकि नई पीढ़ी उनके वास्तविक योगदान से अवगत हो सके। समारोह में बाजीराव के आदर्शों और राष्ट्रभक्ति पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान आयोजन में श्रीमंत बाजीराव पेशवे (प्रथम) स्मृति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष लक्ष्मण राव इंगले, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र गेहलोत, जिला संघचालक अजय जैन, समिति के उपाध्यक्ष मनोज बिरला, सचिव देवीसिंह बघेल, सह.सचिव नागेंद्र मुंशला, कोषाध्यक्ष विवेक भटोरे मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रामीणों ने की सड़क के लिए नारेबाजी

कौड़िया छीतू से बकतल सड़क को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग



सीहोर। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने ग्राम कौड़िया छीतू से बकतल तक पहुंची सड़क को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की है। ग्रामवासियों ने बताया कि श्मशान घाट जाने के लिए गेलोद से बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल की ओर जाने वाली सड़क कोडिया छीतू के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। तत्कालीन एसडीएम द्वारा यह रास्ता निकलवाया गया था। इस संबंध में ग्राम वासियों द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए जा चुका हैं। आज तक उक्त आवेदनों पर कोई उचित कार्रवाई अथवा सुनवाई नहीं की गई है। यह रास्ता ग्रामवासियों के लिए विशेष रूप से श्मशान घाट जाने एवं अंतिम संस्कार के समय अत्यंत आवश्यक है। ग्राम वासियों ने उक्त रास्ते का राजस्व अधिकारियो से स्थल निरीक्षण कराकर, ग्राम कोड़िया छीतू से गेलोद बावखुल होते हुए मस्जिद के पास से बकतल जाने वाले रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

वृद्धजनों की देखरेख हम सबका नैतिक दायित्व : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्थानीय वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन थे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव व उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि वृद्धजनों की उचित देखरेख हम सभी का सामाजिक एवं नैतिक दायित्व है। वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों की समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। उनकी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाता है तथा यह प्रयास है कि यहां निवासरत किसी भी बुजुर्ग को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और सम्मान के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में भी हमें समय निकालकर वृद्धजनों की सेवा और उनके साथ समय बिताने के लिए आगे आना चाहिए। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि किसी भी बुजुर्ग को किसी प्रकार का कष्ट न हो।नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने कहा कि वृद्धजन अनुभव की किताब हैं। उनके जीवन के अनुभवों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की बेहतरी के लिए सभी को अपनी ओर से बेहतर योगदान देना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव ने कहा कि वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं को समय-समय पर पूरा किया जाएगा। यहां निवासरत बुजुर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर 100 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले चाँद बी को शतायु सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें श्रीफल एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों के लिए चम्मच दौड़ एवं कुर्सी दौड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वृद्धजनों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे वृद्धजनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके अनुभवों को सुना तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक जीवन की कामना की।

आयोजन में वृद्धजनों के प्रति समाज में सम्मान, अपनत्व और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सहयोगी के रूप में वृद्धाश्रम संचालक एवं सार्थक सेवा आश्रय समिति की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम में आयुष विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाजसेवी वल्लभ तोषनीवाल एवं राजकुमार वैष्णवी सहित समाज सेवी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में वृद्धाश्रम के संचालक बलराम काले ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आयुष विभाग ने निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर किया आयोजित



हरदा। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरूवार को वरिष्ठ जनों के लिए संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वृद्धाश्रम परिसर, हरदा में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें निःशुल्क आयुर्वेद औषधियां प्रदान की गईं। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित कर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें आहार-विहार, दिनचर्या-ऋतुचर्या, योग-प्राणायाम के महत्व तथा वर्तमान में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. मीनाक्षी चौरसिया, डॉ. मनीष गौर, बलराम मंडलोई, गुलाब सिंह यदुवंशी सहित विभागीय अमला उपस्थित रहा।